*प्रकाशित समाचार*

दिनांक : रविवार,20,दिसंबर 2015

पृष्ठ संख्या :02

डेली हिन्दी मिलाप

DAILY HINDI MILAP
Hyderabad



# ईसीआईएल को गवर्नेंस अवॉर्ड




**हैदराबाद, 19 दिसंबर-(मिलाप ब्यूरो)** भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत आने वाले इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) को अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रतिष्ठित गवर्नेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में ईसीआईएल, हैदराबाद को सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई द्वारा अनुसंधान एवं नवाचार क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उक्त अवॉर्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने ईसीआईएल के महाप्रबंधक (उत्तर) ब्रिगेडियर कुलदीप सिंह दलाल एवं कॉर्पोरेट आर एण्ड डी के प्रमुख आर.के. नायुडू को अवॉर्ड प्रदान किया। अवसर पर भारत सरकार के रेलवे राज्य मंत्री मनोज सिन्हा भी उपस्थित थे।